SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest

हिंदी त्रैमासिक ई-पत्रिका लेखापरीक्षा ज्ञानोदय

ग्यारहवां संस्करण

कार्यालय महानिदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, मुंबई

सी-25, ऑडिट भवन, 8वाँ तल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स

बांद्रा(पूर्व), मुंबई - 400 051

फैक्स-02269403800 **ई-मेल** pdcamumbai@cag.gov.in

लेखापरीक्षा ज्ञानोदय परिवार

मुख्य संरक्षक

श्री सी एम साने

महानिदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा

संरक्षक

श्री मो. फैजान नय्यर, निदेशक/तेल

श्री अविनाश जाधव - निदेशक/मुख्यालय

संपादक-मंडल

श्रीमती स्वप्ना फुलपाडिया	वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
श्रीमती मीना देशप्रभु	वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
श्रीमती विद्या मुरलीधरन	वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
श्रीमती कल्पना असगेकर	पर्यवेक्षक
श्री आनंद कुमार सिंह	कनिष्ठ अनुवादक

(रचनाओं की मौलिकता एवं विचार से संबंधित पूर्ण उत्तरदायित्व रचनाकारों का है- संपादक-मंडल)

अनुक्रमणिका

संदेश	श्री सी एम साने, महानिदेशक
संदेश	श्री मो. फैजान नय्यर, निदेशक/तेल
संदेश	श्री अविनाश जाधव, निदेशक/मुख्यालय
संदेश	श्री अनुपम जाखड़, उपनिदेशक
संपादकीय	श्री आनंद कुमार सिंह
चीकू	श्रीमती स्वप्ना फुलपाड़िया
अस्पष्टता की यात्रा	
काश ऐसा होता	सुश्री वी. सरला
फर्स्ट लेडी स्पाई नीरा आर्या की कहानी	
कर्नाटक-दर्शन	श्री संजय कोटलगी
संबंध और कार्य	श्री आनंद कुमार सिंह
कंप्यूटर और हिंदी प्रयोग	सुश्री पूजा साव
पृथ्वीराज रासो का संक्षिप्त परिचय	श्री इमरान खाटीक
बेटी	श्री रवि कुमार
भारत में बोली जाने वाली भाषाएं	श्री रूपेश कुमार
द्वितीय ऑडिट दिवस आयोजन	
आपके पत्र	
राजभाषा हिंदी के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य	

संदेश

यह अपार हर्ष का विषय है कि कार्यालय द्वारा तिमाही हिंदी ई“ पत्रिका-लेखापरीक्षा ज्ञानोदय” के दस अंकों के सफल प्रकाशन के पश्चात इस 11वें अंक का प्रकाशन किया जा रहा है जिसके लिए संपादक मंडल को बहुत बहुत बधाई। पत्रिका कार्यालयों के कार्मिकों को राजभाषा के प्रयोग के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए एक रुचिकर माध्यम है। पत्रिका के माध्यम से भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से सबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी पाठकों तक पहुँचती है जो बहुत अधिक लाभदायक है। पत्रिका कार्यालय के कार्मिकों में सृजनात्मकता का विकास करती है जो उनमें नई ऊर्जा का संचार करता है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार में पत्रिकाओं का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है।

संविधान द्वारा हिंदी को राजभाषा का स्थान प्रदान किया गया है। कार्यालय के कार्य में राजभाषा का प्रयोग करना तथा इसके विकास हेतु प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। वर्तमान समय में हिंदी का प्रयोग बहुत तेजी से बढ़ रहा है एवं इसके विकास हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। कार्यालयों में राजभाषा के विकास हेतु प्रयास किए जा रहे हैं जिनसे एक अनुकूल वातावरण का निर्माण हो रहा है। हिंदी को सभी स्तर तक पहुंचाने के लिए सरल एवं प्रचलित शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

कार्यालय के वे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने अपने सहयोग से पत्रिका के 11वें अंक के प्रकाशन कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया है। प्राप्त रचनाओं को सुंदर तरीके से पत्रिका में सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत करने हेतु संपादक मंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आशा करता हूँ कि पत्रिका का यह अंक राजभाषा के विकास में अपना योगदान देते हुए प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने में उपयोगी सिद्ध होगा।

(सी एम साने)

महानिदेशक

कार्यालय महानिदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, मुंबई

संदेश

यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि कार्यालय द्वारा त्रैमासिक हिंदी ई-पत्रिका "लेखापरीक्षा ज्ञानोदय" के 11वें अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। कार्यालय द्वारा हिंदी पत्रिका का समयानुसार निरंतर प्रकाशन कार्यालय के राजभाषा के विकास में योगदान को प्रदर्शित करता है। पत्रिकाओं का प्रकाशन राजभाषा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों में से एक है जिसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

केंद्र सरकार के सभी कार्मिकों का यह कर्तव्य है कि वे राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने तथा प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यथासंभव प्रयास करें। आज हिंदी का प्रयोग वैश्विक स्तर पर भी बढ़ रहा है। हिंदी एक वैज्ञानिक भाषा है जिसको उसी प्रकार लिखा जाता है जिस प्रकार उसका उच्चारण किया जाता है। विभिन्न भाषा के शब्दों को स्वयं में समाहित करते हुए हिंदी एक संपर्क भाषा के रूप में एक उच्च स्तर पर पहुँच गई है। हमें अपने कार्यालय के काम-काज को यथासंभव राजभाषा में करते हुए इसके विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए।

मैं कार्यालय के इस कार्य की सराहना करता हूँ तथा हिंदी के प्रोत्साहन के लिए लगातार ऐसे प्रयास चलते रहें, ऐसी कामना करता हूँ।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु संपादकीय मंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

(मो. फैजान नय्यर)

निदेशक/तेल

कार्यालय महानिदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, मुंबई

संदेश

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में अपना योगदान देने हेतु कार्यालय द्वारा त्रैमासिक हिंदी ई-पत्रिका "लेखापरीक्षा ज्ञानोदय" के 11वें अंक का प्रकाशन बहुत ही सुखद अनुभूति का विषय है। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में पत्रिकाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। पत्रिकाएं एक रुचिकर माध्यम हैं जो ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ हिंदी भाषा के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित भी करती हैं।

संविधान द्वारा केंद्र सरकार को यह दायित्व सौंपा गया है कि वह हिंदी का विकास करें। इस प्रकार से केंद्र सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय के कार्यों में यथासंभव राजभाषा का प्रयोग करना चाहिए तथा राजभाषा के प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। अब हिंदी को सीखने तथा इसके प्रयोग हेतु कई सुविधाएं उपलब्ध है जिनकी सहायता से हिंदी को आसानी से सीखा जा सकता है तथा इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। सभी के मिश्रित प्रयासों के फलस्वरूप हिंदी का प्रयोग समय के साथ बढ़ रहा है। हिंदी के प्रति रुचि जागृत करने के लिए प्रचलित शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए जिससे जो लोग हिंदी सीखने और प्रयोग करने का प्रयास कर रहे हैं, वे प्रेरित हो सकें।

पत्रिका के इस अंक को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समस्त रचनाकारों को धन्यवाद तथा संपादकीय मंडल को हार्दिक शुभकामनाएं।

यह आशा करता हूँ कि पत्रिका का यह अंक आप सभी को पसंद आएगा तथा इसे पढ़ने के पश्चात अपनी प्रतिक्रियाओं से हमारा उत्साह बढाएंगे तथा मार्गदर्शन करेंगे।

अविनाश जाधव

निदेशक/मुख्यालय

कार्यालय महानिदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, मुंबई

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि कार्यालय द्वारा हिंदी ई-पत्रिका "लेखापरीक्षा ज्ञानोदय" के ग्यारहवें अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका प्रकाशन राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने में अपने उद्देश्य के प्रति प्रयत्नशील है। कार्यालय के कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु पत्रिका का योगदान अत्यंत सराहनीय है। कार्यालय द्वारा किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है। आशा करता हूँ कि सदैव यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा ।

पत्रिका के सफल प्रकाशनार्थ संपादकीय मंडल को हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन।

(अनुपम जाखड़)

उपनिदेशक

उप-कार्यालय वाणिज्यिक लेखापरीक्षा, देहरादून

संपादकीय

कार्यालय की त्रैमासिक हिंदी ई-पत्रिका "लेखापरीक्षा ज्ञानोदय" के 11वें संस्करण को आप सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत आनंद की अनुभूति हो रही है। पत्रिका के इस अंक के माध्यम से कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मक क्षमता द्वारा प्रस्तुत रचनाओं को सुंदर एवं उचित तरीके से प्रस्तुत करने का यथासंभव प्रयास किया गया है। पत्रिका को और अधिक बेहतर बनाने हेतु हमारा प्रयास जारी है। गृह पत्रिकाएं राजभाषा के प्रयोग से सभी कार्मिकों को जोड़ती हैं तथा उनमें सृजनात्मक क्षमता के विकास हेतु अपना योगदान देती है।

हिंदी राजभाषा होने के साथ-साथ भारत की एक मुख्य संपर्क भाषा है। भारत का एक बड़ा भाग हिंदी को समझता है। हिंदी भाषा उनके बीच भी संपर्क भाषा का कार्य करती है जिन्हें बहुत अच्छी हिंदी नहीं आती है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण हेतु जाने पर वहाँ भी हिंदी संपर्क भाषा के रूप में अपनी भूमिका निभाती है। राजभाषा हिंदी के विकास हेतु कार्यालय द्वारा यथासंभव प्रयास किया जाता है। कार्यालय द्वारा राजभाषा के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन योजनाएं भी लागू हैं।

कार्यालय के उन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सादर धन्यवाद जिनके प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सहयोग के परिणामस्वरूप पत्रिका के इस अंक का सफल प्रकाशन संभव हुआ है। हम आशा करते है कि पत्रिका के विगत अंकों के समान यह अंक भी आपको पसंद आएगा तथा पत्रिका के अगले अंक हेतु भी आपका सहयोग हमें मिलेगा।

पत्रिका के पिछले अंक के संबंध में आपकी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। प्रतिक्रियाओं द्वारा हमारा उत्साहवर्धन करने हेतु सादर धन्यवाद। आप सभी से सादर अनुरोध है कि पत्रिका के इस अंक को पढ़ने के पश्चात अपने बहुमूल्य विचारों से हमें अवगत कराएं तथा अपने मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से हमारा उत्साहवर्धन करें।

आनंद कुमार सिंह

कनिष्ठ अनुवादक

श्रीमती स्वप्ना फुलपाडिया
वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

चीकू

चीकू एक शरारती लड़का था। वह रोज स्कूल नहीं जाता था। वह खेलता था। एक दिन पंडित जी ने उन्हें देखा और कहा - तुम क्लास में आओ, आज मैं तुम्हारी हड्डियों को कुचल दूंगा।



वह पंचम पंडित जी के साथ ही कक्षा में गया। पंडित जी ने कक्षा में प्रवेश किया और कहा - छुट्टी के बाद सभी - गाँव के मेले पर निबंध लिखेंगे।

छुट्टी के बाद सभी घर चले गए। चीकू नहीं गया। वह खेत में चरवाहों के साथ खेलने लगा।

अगले दिन चीकू फिर से पंडित जी के सामने कक्षा में गया और कक्षा की आखिरी बेंच पर बैठ गया।

पंडित जी ने कक्षा के पहले लड़के से कहा - पढ़ो, क्या लिखा है। पहले लड़के ने नोटबुक खोली और पढ़ने लगा। सुनकर पंडित जी नाराज हो गए और बोले- तुमने सब कुछ कॉपी किया !! बिलकुल अच्छा नहीं है!

फिर दूसरा लड़का पढ़ता है। उससे भी पंडित जी खुश नहीं थे। इस तरह सबने एक-एक करके लिखा हुआ पाठ पढ़कर सुनाया, लेकिन पंडित जी को कोई खुश नहीं कर सका।

अंत में पंडित जी ने मुंह छुपाए हुए चीकू को पकड़ लिया।

- चीकू खड़े हो जाओ!

चीकू उठ खड़ा हुआ।

- "नोटबुक खोलो", पंडितजी ने कहा

चीकू ने नोट बुक खोली।

“अब पढ़कर सुनाओ”, पंडितजी ने कहा।

चीकू ने बिना रुके पढ़ना शुरू कर दिया और पढ़ते रहा।

जब उसने पढ़ना समाप्त किया तो उसका लिखा हुआ पंडित जी को इतना पसंद आया कि वह खुशी से झूम उठे और बोले- बहुत बढ़िया लिखा है आपने। आओ, किताब लेकर मेरे पास आओ। अगर कोई वर्तनी की गलती है तो मैं उसे ठीक कर दूंगा।

चीकू ने धीरे से नोटबुक ली और पंडित जी के पास पहुंचा और खड़ा हो गया।

पंडित जी ने नोटबुक खोली तो देखा कि वहां कुछ भी नहीं लिखा था। चीकू ने मन ही मन सब कुछ कह दिया था।

पंडित जी ने कहा- ये है इनोवेशन!

****

श्रीमती स्वप्ना फुलपाडिया

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

अस्पष्टता की यात्रा

जीवन अस्पष्टता से भरा है,

कोई निश्चितता नहीं है,

स्पष्टता के साथ जीना मुश्किल है,

यही जीवन की सुंदरता है।

निश्चितता जीवन को ऊबा देती है,

अस्पष्टता और समस्या रचनात्मक साम्राज्य की ओर ले जाती है,

एक ही ओर निश्चित तरीके से जीवन जीना अवसादग्रस्तता सिंड्रोम को इंजेक्ट करता है,

बड़ी तस्वीर और व्यापक क्षितिज देखने का अभाव पैदा करता है।

अस्पष्टता परिवर्तन की जननी है,

अज्ञात को जानने के लिए बस चमत्कारिक दुनिया में उतरें,

और अनदेखी को देखने के लिए,

बस शांत हो जाओ और कायाकल्प करो।

अस्पष्ट वातावरण में संभावनाओं की दुनिया दस्तक दे रही है,

अनछुए क्षेत्र के स्वाद का आनंद लेने के लिए बस गहरे नीचे,

धैर्य और ईमानदारी रखें,

प्रतिबद्धता के साथ गुलाबी उम्मीद जगेगी।

बहुत सी बातें अस्पष्ट लग सकती हैं,

लगता है आउट ऑफ सिलेबस हो गया है

अनमोल है वो पल,

बुद्धि के लिए सरल स्वदेशी है।

****

क्रिसमस

हर बार एक हाथ दूसरे की मदद के लिए आगे बढ़ता है।
वह क्रिसमस है
हर बार कोई गुस्से को एक तरफ रख देता है और समझने की कोशिश करता है
वह क्रिसमस है
हर बार लोग अपने मतभेदों को भूल जाते हैं और एक दूसरे के लिए प्यार का एहसास करते हैं
वह क्रिसमस है
यह क्रिसमस हमें मानवीय समझ की भावना और शांति के आशीर्वाद के करीब लाए
खुश रहो

सुश्री वी सरला

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

काश ऐसा होता

काश ऐसा होता

होती एक ही धरती अपनी

ना कोई भारत, ना चीन न ईरान होता

यूं जमीन के टुकड़े न होते और ना कोई सरहद हमें रोकते

फिर जहां मन चाहा वही बसेरा कर लेते।

काश ऐसा होता

होती भाईचारा चारो ओर

ना शस्त्रों पर खर्च कोई देश करता

फिर ना सैनिक कोई युद्ध मे मारा जाता।

काश ऐसा होता

होती सभी के जुबान पर प्यार की भाषा

और ना जात पात का भेद भाव होता

फिर ना कोई देश का विभाजन होता।

काश ऐसा होता

होता हर नेता को देश से प्यार इतना

और ना जेब भरने की इच्छा होती

फिर ना भ्रष्टाचार का रोग फैलता और देश कितना आगे बढ़ जाता

काश ऐसा होता

होता आईना कोई एक जो दिखाता मन की सुंदरता

देख जिसे बाहरी सुंदरता का कोई मोल न होता

फिर ना आभूषणो की जररूत होती और ना नुमाइश होती।

काश ऐसा होता

होता स्वर्ग इसी धरती पर ही

और नदियां झरना झर झर बहते जाते

फिर ना कोई इंसान मंगल ग्रह पर पानी की खोज में जाता।

काश ऐसा होता

होती इंसान मे प्रौढ़ता इतनी

अपने उम्र के हिसाब चलता

फिर हर मर्यादा का पालन होता।

काश ऐसा होता

होती नहीं इंसान को वारिस की सनक इतनी

सरोगसी और आईवीएफ़ के बदले कोई अन्नाथ को ही गोद लेता

फिर हर बच्चे को माँ बाप का सहारा मिल जाता।

काश ऐसा होता

होता इंसान को अपने रूह से रिश्ता गहरा इतना

अपने अन्तर्मन की आवाज को टटोलता

फिर हर कोई इस धरती पर सुख शांति से जीता

काश ऐसा होता ....

****

सुश्री वी सरला

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

फर्स्ट लेडी स्पाई नीरा आर्या की कहानी

भारत में कई साहसी महिलाएं स्वतंत्रता सेनानी रही हैं। कुछ लोकप्रिय नाम है- श्रीमती रानी लक्ष्मीबाई, श्रीमती अरुणा आसफ अली, श्रीमती सरोजिनी नायडू, श्रीमती ऐनी बेसेंट आदि। एक साहसी स्वतंत्रता सेनानी जिन्हे कहा जाता है 'फर्स्ट लेडी स्पाई', वह श्रीमती नीरा आर्या थी ।

में बनी फिल्म राजी भारतीय महिला जासूस सहमत जी के जीवन पर आधारित थी 2018 जिन्होंने अपने पति को मार डाला था । हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि आजादी से पहले श्रीमती नीरा आर्या ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को बचाने के लिए अपने पति की हत्या कर दी थी। जनवरी में हुए जयपुर फिल्म फेस्टिवल में चीन की फिल्मकार झांग 2021 हुइहुआंग ग्रेसी, नीरा आर्य पर लिखी पुस्तक से काफी प्रभावित 'फर्स्ट लेडी स्पाई'हुई थीं। उन्होंने नीरा आर्या के जीवन संघर्ष पर फिल्म बनाने की मंशा जाहिर की। नीरा आर्या की कहानी कुछ इस तरह थी।

श्रीमती नीरा आर्या का जन्म को बागपत के खेकड़ा में एक धनि परिवार में 1902 मार्च 5 पिता का निधन हो गया था। इसके बाद सेठ -हुआ था। पांच वर्ष की आयु में उनके माता छज्जूमल नीरा को गोद लेकर कलकत्ता चले गए थे। पढ़ाई के समय से ही नीराआर्या नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आजाद हिंद फौज में रानी झांसी रेजीमेंट की सिपाही थीं।

नीरा आर्या का विवाह ब्रिटिश भारत के सीआईडी इंस्पेक्टर श्रीकांत जयरंजन दास के साथ हुआ। श्रीकांत जयरंजन दास अंग्रेजों के करीबी थे और चाहते थे की नीराजी नेताजी की जासूसी करें किन्तु नीराजी ने इस बात से इंकार कर दिया। पति के नेताजी को जान से मार ने की असफल प्रयास के बाद नीराजी ने पति की हत्या कर दी।

नीराजी को पति की हत्या के आरोप में काले पानी की सजा हुई, जहां उन्हें घोर यातनाएं दी गईं। को हैदराबाद में नीराजी की मौत हो गई। नीरा आर्या 1998 जुलाई 26 ने अपने अंतिम वर्ष गरीबी में बिताए थे और उसे जीवन यापन के लिए फूल बेचने पड़े ।

स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के अवसर पर इस महान स्वतंत्रता सेनानी को हमारा सलाम।

(स्रोत: विकिपीडिया और समाचार पत्र)

****

श्री संजय कोटलगी

सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

कर्नाटक-दर्शन

कर्नाटक भारत देश के दक्षिण में स्थित एक महत्वपूर्ण राज्य है जिसे पूर्व समय में मैसूर के नाम से जाना जाता था। इसका इतिहास बहुत ही प्राचीन है। इस स्थान पर प्राचीन समय में कई शासकों का शासन रहा है। कर्नाटक में बहुत से दर्शनीय स्थल हैं जिनका भ्रमण मन को आनंदित करने वाला है। यहाँ कुछ दर्शनीय स्थलों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

बैंगलोर- बैंगलोर को गार्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। कर्नाटक के साथ-साथ भारत के सबसे प्रमुख और लोकप्रिय शहरों में कर्नाटक का नाम आता है। यहाँ का वातावरण सुखद है जहां कई बगीचे, झीलें और मंदिर आदि देखने को मिलते हैं। वर्तमान में बैंगलोर भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में विकसित हो गया है। यह शहर अपनी नाइट लाइफ के लिए बहुत प्रसिद्ध है।

बीजापुर- बीजापुर कर्नाटक का एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है जहां पर कई प्रसिद्ध स्मारक और इमारतें देखने को मिलती हैं। इतिहासकारों के लिए भी यह स्थान काफी प्रसिद्ध है। बीजापुर कर्नाटक का एक प्रमुख व्यवसायिक जिला है।

कुर्ग- कुर्ग प्राकृतिक सुंदरता से भर हुआ है। कर्नाटक राज्य में स्थित कुर्ग बहुत ही अच्छा स्थान है, यह स्थान चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है, जो प्राकृतिक सुंदरता से युक्त बहुत ही खूबसूरत और मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। हरियाली से भरा हुआ यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। यह लोकप्रिय कॉफी उत्पादक हिल स्टेशन है।

हम्पी- हम्पी को प्राचीन खंडहरों के लिए जाना जाता है। इस स्थान को युनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया है। पहाड़ियों और घाटियों के बीच में स्थित हम्पी में कई खूबसूरत ऐतिहासिक मंदिर, स्मारक हैं जो प्राकृतिक सुंदरता से युक्त हैं।

मैसूर- मैसूर कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। यह शहर अपनी शाही विरासत, जटिल वास्तुकला, योग, चंदन और रेशमी साड़ियों के लिए पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध है। मैसूर पैलेस भारत के सबसे आकर्षक महलों में से एक है।

बेलूर- बेलूर कर्नाटक का एक बहुत ही प्रसिद्ध सुंदर एवं आकर्षक मंदिर शहर है। यह मंदिर कर्नाटक के हासन जिले में स्थित है। यहां पर भगवान विष्णु के अवतार भगवान चेनेकवा को समर्पित एक भव्य होयसल मंदिर है जो श्रद्धालुओ के बीच बहुत लोकप्रिय है। इस मंदिर की जटिल नक्काशी मन को मोहने वाली है।

गोकर्ण- गोकर्ण में हिंदुओ के कई धार्मिक स्थल देखने हैं जहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, यहां पर कई प्राचीन मंदिर मौजूद हैं। यहाँ के समुद्र तट का नजारा बहुत ही खूबसूरत एवं आकर्षक है।

उडुपी- उडुपी कर्नाटक का एक प्रमुख शहर है जो कि एक तरफ से पश्चिमी घाट से तथा दूसरी ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। यह स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और खूबसूरत समुद्र तटों के लिए जाना जाता है। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले इस शहर में कई प्रसिद्ध मंदिर हैं।

मुरुदेश्वर- अरब सागर के तट पर स्थित मुरुदेश्वर कर्नाटक का लोकप्रिय शहर है जो धार्मिक आस्था का बेहद पवित्र स्थान है। इस शहर में भगवान शिव की विशाल मूर्ति स्थापित है जो दुनिया में मौजूद भगवान शिव जी की सबसे ऊंची मूर्तियों में से एक है।

मंगलुरु- मंगलुरु एक तटीय शहर है जो कर्नाटक के प्रमुख शहरों में आता है। यहाँ खूबसूरत समुद्र तट के साथ-साथ कई लोकप्रिय स्थान हैं। यहाँ सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनमोहक होता है। यहाँ स्वादिष्ट समुद्री भोजन भी मिलता है।

दांडेली- जंगलों और वन्य जीवों से घिरा हुआ यह स्थान कर्नाटक का बहुत ही सुंदर प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। इसके अलावा यह स्थान काली नदी में एडवेंचर स्पोर्ट्स, बोटिंग, नेचर वॉक, फिशिंग और नाइट कैपिंग के लिए जाना जाता है। यहां पर काली नदी में व्हाइट वॉटर राफ्टिंग और दांडेली वन्य जीव अभयारण्य आकर्षण का केंद्र हैं।

श्रवणबेलगोला- श्रवणबेलगोला कर्नाटक का एक प्रसिद्ध आकर्षक पर्यटन स्थल है। यहां पर भगवान गोमतेश्वर की 58 फिट लंबी विशाल मूर्ति मौजूद है जो आकर्षण का केंद्र है। भगवान श्री गोमतेश्वर प्रथम जैन तीर्थकर भगवान आदिनाथ के पुत्र थे। यह स्थान कर्नाटक के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल में से एक है जो जैनियो का प्रसिद्ध पवित्र तीर्थ स्थान है।

चिकमंगलुर- मुल्लायनगिरी रेंज की तलहटी में स्थित यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है जो अपने हरे भरे जंगलों, यागाची नदी और और शांत सुंदर प्राकृतिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ हेब्बे वॉटर फॉल, केम्मनगुंडी, मुल्लायनगिरी, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान और बाबा बुदनगिरी आदि आकर्षक स्थल है। यह स्थान कॉफी उत्पादन के लिए भी जाना जाता है।

पत्तदकल- पत्तदकल कर्नाटक का ऐतिहासिक स्थान है जो कर्नाटक के बगरकोट जिले में स्थित एक सुंदर शहर है। इस स्थान को युनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया है। यहां कई ऐतिहासिक इमारतें हैं जिसमें सुंदर प्राचीन मंदिर आदि शामिल हैं। इतिहासकारों के बीच यह स्थान बहुत लोकप्रिय हैं।

नंदी हिल्स- नंदी हिल्स कर्नाटक का एक लोकप्रिय एवं आकर्षक स्थल है। यहां का वातावरण बहुत ही शान्त और हरा-भरा सुनहरा है। यहां से सूर्योदय का नजारा काफी आकर्षक होता है।

देवबाग- देवबाग कर्नाटक का एक बहुत सुंदर स्थान है जो प्राकृतिक सुंदरता से भरा हुआ है। सुंदर पहाड़ों और कैसूरिनास के पेड़ो से घिरा हुआ यह स्थान अत्यंत आकर्षक प्रतीत होता है।

बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान- बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक के सबसे प्रमुख उद्यानों में से एक है जहां पर कई प्रकार के वन्य जीव देखने को मिलते हैं जिसमें हाथी, भालू, हिरण, हॉर्नबिल्स और पैंथर आदि शामिल हैं। यह स्थान पहले मैसूर के राजा का शिकारगाह हुआ करता था। पेड़ पौधों से घिरा हुआ यहां का हरा भरा वातावरण बहुत ही आकर्षक है।

शिवनासमुद्र फॉल्स- शिवनासमुद्र फॉल्स कर्नाटक के सबसे प्रमुख झरनो में से एक है जहां की प्राकृतिक सुंदरता देखने लायक है। मानसून के मौसम में यहां का प्राकृतिक दृश्य मन को मोहने वाला होता है। यहां पर ट्रैकिंग, फिशिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों का भी आनंद उठाया जाता है।

नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान- नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है जहां पर कई प्रकार के वन्य जीव और पक्षी देखने को मिलते हैं जिसमे बाघ, तेंदुआ, हाथी, सियार, हिरण, गौर, सांभर, नेवला और लकड़बग्घा आदि शामिल हैं।

काबिनी- काबिनी नदी के तट पर स्थित यह स्थान कर्नाटक के बेहतरीन पर्यटन स्थलों में से एक है जो प्राकृतिक सुंदरता का बेहद खूबसूरत अद्भुत दृश्य प्रस्तुत

करता है। यह एक रोमांचकारी स्थान है जहां का सुहावना वातावरण भाव विभोर करने वाला होता है।

कर्नाटक में इतिहास एवं प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ आधुनिक विकास देखने को मिलता है जो बहुत ही सुंदर है एवं आकर्षक है।

****

राजभाषा संबंधी जानकारी

राजभाषा अधिनियम 1963 (यथा संशोधित 1967) की धारा 3(3) के अनुसार हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए जाने वाले दस्तावेज --

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा (3)3 के अंतर्गत अनिवार्य रुप से द्विभाषी जारी किए जाने वाले कागज़ात

1- सामान्य आदेश (General Orders)
2 -संकल्प (Resolution)
3- परिपत्र (Circulars)
4-नियम (Rules)
5- प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन (Administrative or other reports)
6- प्रेस विज्ञप्तियां (Press Release/Communiques)
7- संविदाएं (Contracts)
8- करार (Agreements)
9- अनुज्ञप्तियां (licenses)
10- निविदा प्रारुप (Tender Forms)
11- अनुज्ञा पत्र (Permits)
12- निविदा सूचनाएं (Tender Notices)
13- अधिसूचनाएं (Notifications)
14- संसद के समक्ष् रखे जाने वाले प्रतिवेदन तथा कागज़ पत्र (Reports and documents to be laid before the Parliament)

****

श्री आनंद कुमार सिंह
कनिष्ठ अनुवादक

संबंध और कार्य

मनुष्य के लिए संबंधों का बहुत बड़ा महत्व है। संबंध ही हैं जो मनुष्य को एक डोर में बांध के रखते है। मनुष्य के जीवन की व्याख्या संबंधों के आधार पर किया जाता है। मनुष्य जन्म के साथ ही विभिन्न संबंधों से अपने आप को जोड़ लेता है जो समय के अनुसार उसके साथ चलते रहते हैं या समय के साथ बदलते रहते हैं। मनुष्य समाज के एक अंग के रूप में अपने जीवन का निर्वाह करता है। यूनान के महान दार्शनिक अरस्तू के अनुसार,"मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है"। मनुष्यों के द्वारा समाज का निर्माण किया जाता है और समाज मनुष्य के विकास में योगदान देने हेतु उचित स्थिति-परिस्थिति तैयार करता है। इस प्रकार से समाज और मनुष्य दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

जब मनुष्य का जन्म होता है तो उसे जन्म के साथ एक समाज या परिवार मिलता है जिसका दायरा समय के साथ बढ़ता जाता है। मनुष्य जन्म के साथ ही समाज से जुड़ जाता है जो उसके विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। जन्म के साथ वह एक परिवार से जुड़ जाता है, जो उसके लिए प्राथमिक संबंध होता है। इसके पश्चात जब वह थोड़ा बड़ा होता है और विद्यालय जाता है तो उसे एक नया परिवेश मिलता है जो उसे नए संबंधों के निर्माण हेतु अवसर प्रदान करता है। वह अपने सहपाठियों, अध्यापकों आदि के साथ नए संबंधों के वातावरण में प्रवेश करता है। शिक्षा के पूर्ण होने के बाद वह अपने सबंधों के निर्माण की दिशा में अगले चरण में प्रवेश करता है। वह अपनी आजीविका के लिए स्वयं को किसी रोजगार या व्यवसाय से जोड़ता है। अब उसके संबंधों के क्षेत्र में विस्तार होता है। पुराने संबंधों के साथ नए संबंध बनते हैं। नए परिवेश में नए-नए संबंध अपना स्थान निर्धारित करते हैं। संबंधों का दायरा और स्वरूप दोनों बढ़ जाते है। इसका प्रभाव उसके व्यवहार और कार्य पर भी पड़ता है।

मनुष्य अपने कार्यक्षेत्र में संबंधों का निर्माण भिन्न-भिन्न आधार पर करता है, जैसे समान संस्कृति, पद, भाषा, आयु आदि। इन संबंधों के साथ मनुष्य में विभिन्न योग्यताएं विकसित होती हैं जो उसमें नव ऊर्जा का संचार करती है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में सकारात्मक तथा नकारात्मक दोनों प्रकार के संबंधों का निर्माण होता है। नकारात्मक संबंधों के कई अलग-

अलग कारण हो सकते हैं। एक योग्य वातावरण के निर्माण हेतु विविध कारणों से बने नकारात्मक संबंधों को सुधारना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कार्यस्थल पर अपने कर्तव्यों का उचित रूप से पालन करने के लिए संबंधों का माहौल अच्छा होना बहुत आवश्यक है।

कार्यस्थल पर कार्य के दौरान निष्ठा से कार्य करते हुए अपने साथी कार्मिकों के साथ उचित व्यवहार करते हुए परस्पर सौहार्दपूर्ण संबंध बनाकर रखना चाहिए। इस प्रकार के वातावरण में कार्य-क्षमता के साथ-साथ व्यक्तित्व का भी विकास होता है जो व्यक्ति के व्यक्तिगत रूप से तो लाभदायक होता ही है, इसके साथ ही कार्य संस्था के लिए भी बहुत अच्छा होता है। अपने उत्तरदायित्वों का उचित रूप से पालन करने के लिए अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर संस्था के हित के लिए कार्य करना आवश्यक है जिसके लिए अपने साथी कार्मिकों के साथ उचित संबंध बनाकर रखना चाहिए।

एक व्यक्ति के सामान्य दिन का एक महत्वपूर्ण भाग कार्य के लिए समर्पित होता है। व्यक्ति कार्य के दौरान अपना सर्वोत्तम योगदान दे सके, इसके लिए आवश्यक है कि कार्य-स्थल का वातावरण अनुकूल हो। प्रतिकूल वातावरण में मनुष्य मन असमंजस की स्थिति में होता है और वह अपना पूर्ण योगदान नहीं दे पाता है जिसका असर कार्य पर भी पड़ता है। व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों का निर्वाह उचित रूप से करना चाहिए और इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कहीं भी प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। कार्यों का निष्पादन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से करते हुए संबंधों के साथ उचित सामंजस्य बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति को नकारात्मक गुणों से दूर रहते हुए साथी कार्मिकों के साथ एक सौहार्दपूर्ण उचित संबंध रखना चाहिए। यदि संबंधों में कोई गलतफहमी हो तो आपस में विचार या स्पष्ट बातचित के द्वारा इसे दूर करना चाहिए।समस्याओं का निराकरण आपसी विचार-विमर्श से किया जाना चाहिए जिसमें कहीं भी अपनी बात किसी पर थोपने का भाव नहीं होना चाहिए।

कार्य-स्थल पर कार्य करने वाले प्रत्येक कार्मिक को अलग-अलग दायित्व एवं कर्तव्यों का पालन करने की जिम्मेदारी दी जाती है किन्तु समूहित रूप से सभी कार्मिकों का कार्य संस्था के विकास हेतु कार्य करना ही होता है। इसलिए सभी के बीच सामंजस्य का होना अत्यंत आवश्यक है। सामंजस्य बनाने में संबंधों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। संगठन के हित को ध्यान में रखते हुए उचित रूप में संबंधों को बनाए रखना चाहिए। संबंधों का निर्वाह इस प्रकार करना चाहिए कि कार्य के लिए एक उत्तम वातावरण बन सके।

इस प्रकार मनुष्य के सामान्य जीवन तथा कार्य-क्षेत्र दोनों में संबंधों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। जीवन संबंधों के आधार पर ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्धारण किया जाता है। कार्य के साथ-साथ संबंधों का भी मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। मूल्यांकन के लिए यह

आवश्यक है कि संबंधों के दायरे और सीमाओं को उचित रूप से देखा जाए। सामान्य जीवन और कार्य-क्षेत्र में व्यक्ति के संबंध ही वास्तविक पूंजी है जो उसे एक कुशल व्यक्ति के रूप प्रस्तुत करती है। संबंधों का उचित रूप से निर्वाह करना व्यक्ति मानव कुशलता को प्रदर्शित करता है तथा संबंध ही हैं जो उसके लिए एक उचित जीवन को प्रस्तुत करता है। अतः संबंधों का निर्वाह उचित रूप से किया जाना चाहिए।

****

हिंदी - हमारी राज भाषा

सुश्री पूजा साव
कनिष्ठ अनुवादक

कंप्यूटर और हिंदी प्रयोग

वर्तमान समय में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। प्रत्येक व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कंप्यूटर और इसके द्वारा निष्पादित कार्य पर निर्भर है। इसका उपयोग जीवन क सभी क्षेत्रों जैसे शिक्षा, व्यवस्था, चिकित्सा का क्षेत्र अथवा भाषा क्षेत्र में बहुलता के साथ हो रहा है।

भाषा के रूप में भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर हिंदी प्रयोग बढ़ रहा है। हिंदी भाषा के प्रयोग में वृद्धि से कंप्यूटर का क्षेत्र अछूता नहीं है। हिंदी भाषा का पहला कंप्यूटर सॉफ्टवेयर 1977 में ई. सी. आई. एल कंपनी, हैदराबाद ने फोर्टान नाम से लाया था। इसके दो-तीन वर्ष बाद ही दिल्ली की डी. सी. एम. नामक कंपनी ने 'सिद्धार्थ' नाम से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर लाया जिसमें द्विभाषी टाइपिंग की सुविधा उपलब्ध थी। यह प्रारंभिक विकास यात्रा थी जिसके द्वारा कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग को आसान बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे थे। लेकिन ये बहुत उपयोगी सिद्ध नहीं हुए। इसी समय सी.एम.सी नामक कंपनी ने (अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं) टाइपिंग हेतु, 'लिपि' नामक सॉफ्टवेयर निकाला। इस तरह कई और कंपनियों ने अपने स्तर पर हिंदी भाषा के सॉफ्टवेयर तैयार किए। राजभाषा हिंदी के विकास हेतु भारत सरकार के कई मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों में भी अपने स्तर पर अलग-अलग कंपनियों से अपने दैनिक कार्य को हिंदी में करने के लिए कई सॉफ्टवेयर और फॉण्ट तैयार कराए, जिनमें अक्षर, आकृति, सूसा, मंगल, श्रुति आदि प्रमुख हैं।

कंप्यूटर के लिए हिंदी भाषा की तकनीकी विकास यात्रा में सबसे बड़ा योगदान भारत सरकार की कंपनी सी-डैक (C-DAC : Centre of Development of Advance Computing), पुणे ने किया। सी-डैक द्वारा जिस्ट नामक एक कंप्यूटर कार्ड विकसित किया गया। इसकी सहायता से कंप्यूटर में सभी भारतीय भाषाओं के अक्षर कंप्यूटर स्क्रीन पर आ जाते थे और इन सबके उपयोग और टाइपिंग के लिए की-बोर्ड की सहायता से इन्हें लिखा जा सकता था। इसके लिए एक चिप विकसित किया गया था। इस चिप की विशेषता यह भी थी कि यह किसी भी बैंकिंग संस्थान अथवा वित्तीय संस्थान के डाटा प्रोसेसिंग का कार्य भी हिंदी में

करने में सक्षम था।इस प्रकार से कंप्यूटर पर हिंदी का प्रयोग काफी आसान हो गया। इसके बाद तो देश-विदेश की कई कंपनियों ने शिक्षण, प्रशिक्षण से लेकर अनुवाद आदि तक के लिए कई ऐसे सॉफ्टवेयर तैयार किये जिसकी मदद से हिंदी को न सिर्फ टाइप किया जा सकता था बल्कि सीखा भी जा सकता था। अब तो गूगल अनुवाद आदि जैसे न जाने कितने ऐसे सॉफ्टवेयर भी आ गये हैं जो हिंदी भाषा का अनुवाद दूसरी अन्य भाषाओं में करने में सक्षम हैं। यद्यपि इसमें पूर्णतः सफलता नहीं मिली है, लेकिन भाषा को लेकर जिस तरह का आकर्षण दुनिया की सभी महत्त्वूपर्ण कंपनियाँ दिखा रही हैं इसको देखते हुए लगता है वो दिन दूर नहीं जब हम अपनी मनपसन्द की भाषा लिखने, बोलने और सुनने में कभी भी, कहीं भी सक्षम होंगे।

हिंदी को कंप्यूटर से जोड़ने का सबसे पहला प्रयास राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा किया गया। जब हिंदी में काम करने के लिए 'शब्दिका' नामक सॉफ्टवेयर तैयार करवाया गया। इसके कुछ समय बाद 'अनुस्मारक' नामक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया। इसकी विशेषता यह थी कि इसमें अन्य भारतीय भाषाओं के साथ अन्तरण की सुविधा उपलब्ध थी।

हिंदी के पास अपना कोई सॉफ्टवेयर नहीं था इसका निर्माण भारत सरकार की संस्था सी-डैक ने सबसे पहले किया और जिसका नाम 'लीप' रखा। कुछ दिनों बाद माइक्रोसॉफ्ट ने हिंदी विंडोज़ नामक सॉफ्टवेयर लॉन्च किया जो हिंदी में टाइपिंग आदि के लिए सक्षम था।हिंदी तकनीक के क्षेत्र में सबसे बड़ा विकास उस समय हुआ, जब भाषा की एक नयी एनकोडिंग प्रणाली विकसित हुई, जिसे यूनिकोड (Unicode) कहते हैं। यूनिकोड का शाब्दिक अर्थ है जिसमें भाषा की कोड की जाने वाली छवियाँ एक जैसी हों, जिसमें एकरूपता हो। युनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण में एकरूपता देखेने को मिली। भिन्न-भिन्न फॉन्ट जिनके किसी अन्य फॉन्ट के साथ न खुलने से परेशानियों का सामना करना पड़ता था। युनिकोड के आने से यह समस्या हल हो गई। इससे एक संयोजन मिला जो किसी भी फॉन्ट में टाइप किए गए सामग्री को कॉल सकता था , यदि वह यूनिकोड में टाइप किया गया हो। यूनिकोड प्रणाली मूलतः उन्हीं कंप्यूटर में सुचारू रूप से चलते हैं जिनकी काम की क्षमता पेंटियम-4 और रैम (RAM) क्षमता कम-से-कम 256 मेगाबाइट की हो। आज माइक्रोसॉफ्ट के लगभग सभी कम्प्यूटरों में यह सुविधा उपलब्ध है चाहे वह माइक्रोसॉफ्ट एक्स.पी. हो अथवा विंडोज विस्टा।

तकनीक की दुनिया में हिंदी की महत्ता उस समय और बढ़ने लगी जब डिजीटल क्रान्ति में हिंदी के समाचार-पत्रों को ई-समाचार-पत्र में निकालना प्रारम्भ कर दिया। इस क्षेत्र में प्रारम्भिक प्रयास करने का श्रेय मध्य प्रदेश, इन्दौर शहर से निकलने वाले समाचार-पत्र नयी दुनिया को जाता है, जिसने सबसे पहले इंटरनेट की दुनिया का पहला समाचार पत्र वेबदुनिया

नाम से प्रारम्भ किया। इसके बाद ई-समाचार-पत्रों का दायर बढ़ता गया, जैसे भास्कर डॉट कॉम, जनसत्ता डॉट कॉम आदि। ई-समाचार-पत्रों की लोकप्रियता को देखते हुए ई-सामाचार-पत्रों की बाढ़ आग गयी। धीरे-धीरे हिंदी भाषा का इंटरनेट में इतना उपयोग बढ़ने लगा कि लोग ऑनलाइन पत्रिकाएँ चलाने लगे, जिसमें साहित्यिक कविता, कहानी से लेकर उपन्यास तक सभी प्रकार की सामग्री दी जाने लगी।

राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा भी कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने के कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विभाग द्वारा कई प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं जिनके माध्यम से कार्मिकों को हिंदी के प्रयोग हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। इसके परिणाम-स्वरूप कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने में बहुत आसानी हो गई है और सरकारी-कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग भी बहुत बढ़ गया है।

अतः सभी के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप आज कंप्यूटर पर हिंदी में काम करना बहुत अधिक आसान हो गया है।

***

श्री इमरान खाटीक
वरिष्ठ लेखापरीक्षक

"पृथ्वीराज रासो का संक्षिप्त परिचय"

पृथ्वीराज रासो इस ग्रंथ के रचनाकार कवि चंदवरदाई थे। परंपरा के अनुसार जानकारी मिलती है कि कवि चंद सम्राट पृथ्वीराज चौहान के मित्र थे। वह उनके राज कवि भी थे। यह भी कहा जाता है, कि उनका जन्मदिन पृथ्वीराज चौहान का जन्मदिन था। दोनों का जन्म एक ही दिन संवत 1151 में लाहौर में हुआ। बचपन से चंदवरदाई पृथ्वीराज के साथ रहने लगे और साथ ही उन्होंने शिक्षा दीक्षा ली। जब शहाबुद्दीन गौरी पृथ्वीराज चौहान को कैद करके गजनी ले गया तो चंद भी वहां पहुंचे। वे रासो की रचना में व्यस्त थे काम अधूरा छोड़ कर उन्हें जाना पड़ा। वे रासो का काम अपने बेटे जल्हन को सौंप कर गए। इस बारे में काव्य पंक्ति है-

पुस्तक जल्हण हत्थ दै।
चलि गज्जन नृपकाज।।

गजनी पहुंचकर कवि ने अपने सम्राट को मुक्त कराने की योजना बनाई। एक दिन शहाबुद्दीन की सभा में उन्होंने पृथ्वीराज के धनुष्य बाण चलाने की ऐसी तारीफ की, कि शहाबुद्दीन के मन में जिज्ञासा हुई आखिर चंद के कहने के अनुसार योजना की गई और शहाबुद्दीन को पृथ्वीराज का बाण कौशल्य प्रत्यक्ष देखने का इंतजाम हुआ कहते हैं कि आवाज की दिशा में बाण चलाने में निपुण चंद के इशारे पर बाण छोड़ा और शहाबुद्दीन का वध किया। इसके बाद चंद और पृथ्वीराज दोनों ने आत्मस्वर्ग कर लिया। परंपरा के अनुसार मिली हुई यह संक्षिप्त जानकारी है। कवि चंद रचित पृथ्वीराज रासो के बारे में विद्वानों में विवाद हुए इस रचना को सप्रमाण अर्थात प्रमाणिक मानने वाले विद्वानों का गुट बना और अप्रमाणिक मानने वालों का भी गुट बना। रासो काव्य में दिए गए सवंत के बारे में खुलासा किया गया आनंद संवत के अनुसार तिथि सही निकलती है।

कर्नल टॉड नामक अंग्रेजी विद्वान ने इसे प्रमाणिक माना और 30000 पदों का अंग्रेजी अनुवाद किया। इसी तरह फ्रेंच विद्वान कारसाद कासी ने भी रासो का प्रकाशन आरंभ किया था लेकिन सन 1875 में डॉ. मुलर को कश्मीर में एक संस्कृत ग्रंथ मिला उस ग्रंथ का नाम पृथ्वीराज विजय महाकाव्य था। उसमें कुछ घटनाएं अलग रूप में वर्णित है। इससे संदेह हुआ लेकिन बाद में मोहनलाल पंडा, मुनि जिनविजय और डॉ. दशरथ शर्मा ने सभी आक्षेपों का

खंडन किया विक्रम संवत के स्थान पर आनंद संवत का आधार लेकर रासो में वर्णित समय व तिथि प्रमाणिक सिद्ध हुई।

रासो के भागों को डॉ हजारी प्रसाद द्विवेदी ने प्रमाणिक माना है। पृथ्वीराज रासो में पद्मावती नायिका है। उसका नक-शीख वर्णन कवि ने किया है। श्रृंगार और वीर रस में काव्य वर्णित है। काव्य की दृष्टि से पृथ्वीराज रासो का सौंदर्य श्रेष्ठ है। कथा में ऐतिहासिकता भी है और काव्य सुलभ काल्पनिकता का योग भी है। रासो काव्य को पढ़कर वन-उपवन, नगर-युद्ध और नायक-नायिका के चरित्र का वर्णन आदि काव्य स्थल मनोरंजक लगते है। काव्यानंद मिलता है।

रासो का काव्य सौंदर्य

1) **वर्णनात्मकता:-** पृथ्वीराज रासो में नगर वर्णन है। वन उपवन सरोवर दुर्ग सेना युद्ध आदि के वर्णन में कवि नीपूर्ण लगता है। नारी सौंदर्य वर्णन और मनोभावों का चित्रण करने में भी कवि चंद की चतुराई सराहनीय है।

2) श्रृंगार वर्णन:- पद्मावती के सौंदर्य वर्णन में माधुर्य पूर्ण शैली का प्रयोग किया है। वयसंधी योवनागमन अनुराग प्रथम मिलन और संयोग कालीन लज्जा आदि का बड़ी तल्लीनता से वर्णन किया है। पद्मावती को चंद की सोलह कलाओं से सुशोभित माना है। स्वयं चंद इस चंद्रमुखी के पास बैठकर इसके सौंदर्य को निहारता है, सौंदर्य रूपी अमृत पीता है ऐसी कल्पना कवि चंद ने की है-

मनहुँ कला ससभान कला सोलह सो बन्निय।
बाल वैस, ससि ता समीप अम्रित रस पिन्निय॥
बिगसि कमल-स्रिग, भ्रमर, बेनु, खंजन, म्रिग लुट्टिय।
हीर, कीर, अरु बिंब मोति, नष सिष अहि घुट्टिय॥
छप्पति गयंद हरि हंस गति, बिह बनाय संचै सँचिय।
पदमिनिय रूप पद्मावतिय, मनहुँ काम-कामिनि रचिय॥

इस प्रकार कवि चंद वरदाई ने नायिका सोलह कलाओं से सुसज्जित है और बाल्यावस्था में चांद ने इसी चंद्रमुखी के पास बैठकर कलाए सीखी है। खंजन पक्षी और भ्रमर के माध्यम से इन आंखों की सुंदरता वर्णित की है। आंखों की पुतलियां स्थिर नहीं है, चंचल है। इस बात को स्पष्ट करने के लिए भ्रमर का उदाहरण लिया लिखा है। पद्मावती के ओंठो तथा नासिका का सौंदर्य भी वर्णित किया है। उनकी चाल हंस की गति की है.ऐसी सुंदर नारी पद्मावती को देखकर ऐसा लगता है कि साक्षात कामदेव की रती प्रकट हुई हो।

नारी सौंदर्य वर्णन में नखसिख वर्णन तथा आयु की अवस्थाओं का वर्णन प्राचीन काव्य में अनेक कवियों ने किया है। कवि चंद ने भी उस पद्धति का अनुसरण किया है।

वीर रस काव्य:-

बज्जीय धीर निसान राज चौहान चहुदिशी।
सकल सुर सामंत समर बल तंत्रमंत्र तिथि।।

पृथ्वीराज चौहान लड़ाई के लिए निकले हैं। उनमें बहुत उत्साह है। वीर रस का स्थाई भाव उत्साह होता है। युद्ध के आरंभ में डंका पीटा जाता था और दुश्मन को ललकारा जाता था। निशान फहराए जाते थे। नारे लगाए जाते थे। ऐसा वर्णन कवि ने किया है। इस प्रकार पृथ्वीराज रासो में श्रृंगार और वीर रस का सुंदर वर्णन मिलता है।

***

श्री रवि कुमार
लेखापरीक्षक

बेटी

बेटी हमारे घर की अनमोल परी है।

बेटी के बिना हमारे घर का आंगन सूना सूना लगता है।

बेटियाँ घर की लक्ष्मी होती है। अगर परिवार में बेटी न हो तो वह घर सुना होता है। परिवार में बेटी का होना परिवार की ख़ुशी को प्रदर्शित करता है। जिन घरो में बेटियाँ होती है वह घर हमेशा खुशियों से झूमता रहता है। बेटी परिवार में भगवान का एक बहुत ही खास वरदान है। बेटियां किसी भी परिवार का एक मजबूत स्तंभ होती हैं। उनके मधुर, मुस्कुराते चेहरे और सुंदरता पितृत्व की खुशी को की गुना बढ़ा देता है। एक माता-पिता के लिए बेटियों की खूबसूरत और मीठी यादें बहुत मायने रखता है। जीवन में बेटियों की तुलना किसी भी प्रकार से नहीं की जा सकती। वह बहुत प्यारी होती हैं।

आज भी मुझे वह दिन याद है जैसे मानो वह कल की ही बात हो जब वह पैदा हुई थी। मुझे उसकी पहली नराज़गी याद है और मैंने जो उसका दर्द महसूस किया वह बहुत ही भयंकर था। जिस तरह से उसकी मुस्कान और चुलबुली हंसी मेरे मन में उछलती है, मुझे एक स्नेह के धागे से उसके साथ जोड़ देती है और उसे मजबूती प्रदान करती है। समय के साथ-साथ यह बंधन और मजबूत होता जाता है। मेरी बेटी मेरी सबसे अच्छी दोस्त है और वह मेरे लिए सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। उसकी हंसी इतनी प्रिय है कि उसका एहसास दिल में अपनी कोमलता को दर्ज करता है। बेटी से जुड़ी कोमल भावनाओं को माता पिता के अलावा कोई नहीं समझ सकता। माता पिता के लिए उसका प्यार उसके आंखों में स्पष्ट दिखाई देता है।

भारतीय समाज मे जातिय व लैंगिक भेदभाव का प्रचलन हजारों वर्ष पुराना है। भारत मे अब भी ऐसे कई गांव व कस्बे हैं, जहाँ जातिय व लैंगिक भेदभाव अपने चरम सीमा पर है। लेकिन बड़े शहरों में ऐसा भेदभाव कम देखने को मिलता है। भारत के गाँव हो या शहर हर जगह भेदभाव का थोडा अंश जरुर देखने को मिलता है। लेकिन शिक्षा ने इसे काफी हद तक कम कर दिया है। लेकिन अब भी कई ऐसे गांव है जहाँ बेटियों को शिक्षा नही दिया जाता, मात्र घरेलू कामों के लिये उनका पालन-पोषण किया जाता है।

बेटियां संपूर्ण विश्व की निर्माण-कर्ता, वृद्धि-कर्ता व जगत-जननी है। वह बेटियां ही है जो सभी रिश्तो को एक धागे में पीरों के रखती हैं। इसलिए लोगों को उनका सम्मान करना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। आज भी लोग बेटियों के प्रतिभा और कौशल को बिना पहचाने बेटियों को बोझ समझ लेते हैं और इसी कारण उनके जन्म होने से पहले ही उनकी हत्या कर दी जाती है। बिटिया कोई बोझ नहीं होती हैं। बस यह हमारे समाज की गंदी सोच है जो लोग बेटियों को बोझ मानते हैं। उन्हे स्वयं एक मां ने जन्म दिया है जो किसी की बेटी थी। रूढ़िबद्ध धारणा के वजह से लड़के और लड़कियों में भेदभाव किया जाता है। इस भेदभाव की शुरुआत बचपन से ही परिवारों में शुरु हो जाता है, जैसे- पहनावे में, खिलौनों में और स्वभाव के जरिए। पहनावे में मत-पिता बोलते हैं तू तो लड़का है तू तो जींस ही पहनेगा और तू तो लड़की है तू तो फ्रॉक या सलवार सूट ही पहनेगी। खिलौनों में लड़कों को बैट बल्ला जैसे खिलौने दिए जाते हैं और लड़कियों को गुड़िया या चूल्हा बर्तन आदि जैसे खिलौने दिए जाते हैं। स्वभाव में परिवार के लोग बचपन से ही बोलते हैं तू तो लड़का है, लड़के कभी रोते नहीं, रोने का काम तो लड़कियों का है। ये छोटी-छोटी बातें लड़कों और लड़कियों में भेदभाव बचपन से ही उत्पन्न करते हैं और बचपन से ही उनके दिमाग में ये बैठा दिया जाता है और लड़की भी यही सोचती है कि मैं तो लड़की हूं मुझे तो यही करना है और लड़के भी लड़कियों का इज्जत नहीं कर पाते क्योंकि बचपन से तो वह यह सुनते आते हैं की लड़कियां हमारे सेवा के लिए बनी है जो पूरी गलत और निराधार बात है। हमें अपनी सोच बदलने की जरुरत है। कुछ संस्कृतियों ने परम्परा के नाम पर मनुष्य के रूप में उनकी गरिमा को भी छीन लिया है जिन पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए।

बेटी दिवस एक विशेष दिन है जो बेटियों के सम्मान में मनाया जाता है। प्रति वर्ष 25 सितंबर को बेटी दिवस के रूप मनाया जाता है। आज हमारे देश कि बहुत सारी बेटियों ने कई क्षेत्रों में अपने देश का नाम रोशन किया है। जैसे इंदिरा नुयी जी, किरण मजूमदार शॉ जी, वंदना लूथरा जी आदि ने कारोबार में तो मैरी कॉम जी, साइन नेहवाल जी , पी वी सिंधु जी आदि ने खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन किया है। उदाहरण के लिए बहुत से नाम हैं जिन्होंने अगल-अलग क्षेत्रों से सफलता हासिल किया है और यह सिद्ध किया है कि लड़के और लड़कियों की कुशलता में कोई अंतर नहीं है।

अब वह समय आ गया है कि बेटा और बेटी के बीच का अंतर समाप्त हो गया है। बेटियां भी हर अवसर पर अपनी उपस्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है। वर्तमान में बदलते समय के साथ-साथ उनका स्थान भी बदल गए है। वे हर क्षेत्र में आगे आकर अपनी भूमिका अदा कर रही हैं। हर परिस्थिति में अपने आप को ढलने की क्षमता उनके अंदर है। वे कहीं भी अपने आप को कमजोर नहीं होने देती है। वे अपने कार्य और व्यवहार से अपने दिलों में अपना स्थान रखती हैं। आज के समय में बेटियों के प्रति लोगों का दृष्टिकोण बदल गया है

और लोग उन्हें बेटों से कम नहीं समझते। बेटियाँ समय पर अपने साहस एवं धैर्य का परिचय देते हुए आगे आ रही हैं। समाज का उनके लिए मायने बदल रहे है। किन्तु अभी कुछ हिस्सों में कुछ नकात्मकता है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। सुधारों को यथोचित रूप से लागू करने की आवश्यकता है।

